(50)

# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

( बिहार सरकार का उपकम )

कौटिल्य नगर, पटना–800014.

ई0 सपलेश्वर मंडल
मुख्य अभियन्ता

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727
फैक्स : 0612-2224529
मेबाईल : 9471006801

संचिका संख्या :– Reg–1/2356 HO 2202 पटना, दिनांक :– 22/06/2023

## कार्यालय आदेश–228/2023

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम अन्य कार्यों के अतिरिक्त ई–निविदा सूचना सं0–09/SBD/2022–23 के माध्यम से सारण जिलान्तर्गत बनियापुर थाना, थाना भवन (मॉडल थाना) आउट हाउस एवं आधरभूत संरचना का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य एवं पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिलान्तर्गत हरैया ओ0पी0 में थाना भवन (G+2) आउट हाउस का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी।

1. ई–निविदा की कंडिका–35 में निम्न शर्तें अंकित थी :–
"निविदा में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समान प्रकृति के कार्य कराने का अनुभव, साक्ष्य सहित संलग्न (अपलोड) करने वाले संवेदक का ही निविदा मान्य होगा।"

2. ई–निविदा सूचना सं0–09/SBD/2022–23 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–20.07.2022 से 27.07.2022 को 17:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित की गयी थी।

3. उक्त ई निविदा सूचना सं0 09/SBD/2022–23 के कम सं0– 5 पर अंकित योजना सारण जिलान्तर्गत बनियापुर थाना भवन (मॉडल थाना) आउट हाउस एवं आधरभूत संरचना का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए 06 संवेदकों के द्वारा यथा (1) मे0 मेहेन्दिया कंस्ट्रन्शन प्रा0 लि0 (2) मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 (3) श्री अरविन्द कुमार सिंह (4) श्री वेन्कटेश रमण (5) मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज एवं (6) श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा निविदा समर्पित की गयी थी।

4. उक्त ई निविदा सूचना सं0 09/SBD/2022–23 के कम सं0–09 की योजना पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिलान्तर्गत हरैया ओ0पी0 में थाना भवन (G+2) आउट हाउस का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए 02 संवेदकों के द्वारा यथा (1) मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 (2) मे0 सुभद्रा इन्टरप्राईजेज के द्वारा निविदा समर्पित की गयी थी।

5. उक्त ई निविदा सूचना सं0 09/SBD/2022–23 के तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया गया, जिसमें कम सं0–05 को योजना सारण जिलान्तर्गत बनियापुर थाना थाना भवन (मॉडल थाना) आउट हाउस एवं आधरभूत संरचना का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए 02 निविदाकार (1) श्री वेन्कटेश रमण (2) श्री अरूण कुमार सिंह का

तकनीकी बीड मूल्यांकन में असफल पाया गया। शेष 04 निविदाकार यथा (1) मे0 मेहेन्दिया कंस्ट्रन्शन प्रा0 लि0 (2) मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 (3) श्री अरविन्द कुमार सिंह एवं (5) मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज का तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल पाया गया।

6. इसी तरह कम सं0 09 की योजना पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिलान्तर्गत हरैया ओ0पी0 में थाना भवन (G+2) आउट हाउस का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए 02 निविदाकार (1) मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 एवं (2) मे0 सुभद्रा इन्टरप्राईजेज का तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल पाया गया।

7. तत्पश्चात तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोला गया, जिसमें सारण जिलान्तर्गत बनियापुर थाना थाना भवन (मॉडल थाना) आउट हाउस एवं आधारभूत संरचना का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य हेतु मे0 सावित्री सुरेन्द्र सिक्युरिटी प्रा0 लि0 की निविदा राशि 5,24,06,379/– रू0, जो परिमाण विपत्र की राशि 11.5% कम थी, न्यूनतम ($L_1$) पायी गयी और उनके पक्ष में कार्यावंटन आदेश सं0–WA/C/अधि0 1875 (we) दिनांक–10.01.2023 निर्गत किया गया।

8. तत्पश्चात तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोला गया जिसमें सारण जिलान्तर्गत बनियापुर थाना थाना भवन (मॉडल थाना) आउट हाउस एवं आधरभूत संरचना का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य हेतु मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 की निविदा राशि 5,24,06,379/– रू0 जो परिमाण विपत्र राशि से 7.5% कम थी, न्यूनतम (L1) पायी गयी और उसके पक्ष में कार्य आवंटन आदेश सं0 WA/C अधि0 2029(we) दिनांक 14.02.2023 को निर्गत किया गया।

9. मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के द्वारा निविदा की शर्त सं0 35 का अनुपालन में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र(Performance Certificate) के रूप में कार्यालय मुख्य परियोजन, प्रबंधक बी0एच0यू0 परियोजना अंचल सेंट्रल ऑफिस के पीछे बी0एच0यू0 वाराणसी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग भारत सरकार का पत्रांक 23(97)/सी0पी0एम0 बी0एच0यू0/2021 दिनांक 10.06.2021 समर्पित की गयी थी।

10. मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के पक्ष में कार्य आवंटन आदेश निर्गत होने के पश्चात श्री मुकेश कुमार (मो0 नं0 9122830054) के द्वारा मुख्य अभियंता बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम पटना को संबोधित एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें श्री मुकेश कुमार ने यह आरोप लगाया कि मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित कर निविदा प्राप्त किया गया है। पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के आदेशनुसार कार्यानुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) निर्गत कार्यालय यथा मुख्य परियोजना प्रबंधक बी0एच0यू0 परियोजना अंचल सेंट्रल ऑफिस के पीछे बी0एच0यू0 वाराणसी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग भारत सरकार से निविदाकार द्वारा समर्पित कार्यानुभव प्रमाण पत्र को सत्यापित करने हेतु निबंधित डाक से निगम के पत्र सं0 अभि0/1964 दिनांक 31.01.2023 के साथ–साथ ई मेल से संबंधित कार्यालय को भेजा गया।

11. निगम के उक्त अनुरोध के आलोक में कार्यपालक अभियंता एवं व0प्र0(सि0)–1 बी0एच0यू0 परियोजना अंचल सेंट्रल ऑफिस के पीछे बी0एच0यू0 वाराणसी केन्द्रीय लोक निर्माण

विभाग, वाराणसी के पत्रांक 57(1)/बी0एच0यू0 परि0 मं0–1/2023/60 दिनांक 24.02.2023 से सूचित किया गया कि मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के पक्ष में Performance Certificate इस कार्यालय द्वारा निर्गत नही किया गया है।

12. निगम द्वारा मुख्य परियोजना प्रबंधक बी0एच0यू0 परियोजना अंचल सेंट्रल ऑफिस के पीछे बी0एच0यू0 वाराणसी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र पर अंकित ई–मेल आईडी0 eevpdbhu@gmail.com पर उनके द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र को सत्यापित करने का अनुरोध ई–मेल से दिनांक 25.01.2023 समय 18:40 बजे भेजा गया। उक्त ई–मेल आई0डी eevpdbhu@gmail.com से दिनांक 31.01.2023 समय 18:25 बजे एक ई–मेल प्राप्त हुआ जिसमें मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के पक्ष में निर्गत कार्यानुभव प्रमाण पत्र को सही बताया गया। उल्लेखनीय है कि कार्यपालक अभियंता एवं व0प्र0 (सि0)–1 बी0एच0यू0 परियोजना वाराणसी, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग वाराणसी का पत्रांक 57(1)/बी0एच0यू0 परि0 म0–1/2023/60 दिनांक 24.02.2023 में उनका ई–मेल आईडी – vareebpdl.cpwd@gov.in अंकित है। इससे यह स्पष्ट प्रामाणित होता है कि मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 द्वारा समर्पित कार्यानुभव प्रमाण पत्र पर अंकित ई–मेल आईडी फर्जी है तथा उस मेल आईडी का प्रयोग निविदाकार द्वारा जालसाजी कर कार्यानुभव प्रमाण पत्र की गलत एवं फर्जी तरीके से प्रमाणित बताया गया है।

13. कार्यपालक अभियंता एवं व0प्र0 (सि0)– 1 बी0एच0यू0 परियोजना वाराणसी, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग वाराणसी का पत्रांक 57(1)/बी0एच0यू0 परि0 म0–1/2023/60 दिनांक 24.02.2023 से कार्यानुभव प्रमाण पत्र फर्जी होने के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 को निगम से पत्रांक SE-61, दिनांक 20.03.2023 से 5 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया, किन्तु न तो कंपनी ही इनके किसी निदेशक के द्वारा कोई स्पष्टीकरण निगम में समर्पित नही किया गया।

14. उपर्युक्त तथ्यों से यह प्रमाणित होता है कि मे0 सावित्री सुरेन्द्र सिक्युरिटी प्रा0 लि0 एवं कंपनी के निदेशक श्री संदीप कुमार, पिता–स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0–एकदंगा, थाना–बेलचछी, जिला– पटना, बिहार–803213 एवं निदेशक श्रीमती रेशम सिंह, पति–संदीप कुमार, पता–डी 402, वामीका इनक्लेव, मुरलीचक, मजार के पास, जगदेव पथ, फुलवारी, पटना, बिहार–800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के साथ छल एवं जालसाजी कर निविदा/कार्यादेश, प्राप्त किया है।

15. इस प्रकार मे0 सावित्री सुरेन्द्र सिक्युरिटी प्रा0 लि0 एवं कंपनी के निदेशक श्री संदीप कुमार, पिता–स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0–एकदंगा, थाना–बेलचछी, जिला– पटना, बिहार–803213 एवं निदेशक श्रीमती रेशम सिंह, पति–संदीप कुमार, पता–डी 402, वामीका इनक्लेव, मुरलीचक, मजार के पास, जगदेव पथ, फुलवारी, पटना, बिहार–800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा–467, 468, 471, 420, 120बी एवं 511 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत प्राथमिकी दर्ज की गई तथा उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

(147

16. तदोपरान्त मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 एवं कंपनी के निदेशक श्री संदीप कुमार पिता– स0 सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ग्राम/पो0 एकदंगा थाना– बेलचछी जिला पटना, बिहार 803213 एवं निदेशक श्रीमती रेशम सिंह, पति संदीप कुमार पता– डी0–402 वामिका एन्क्लेव मुरलीचक मजार के नजदीक जगदेव पथ फुलवारी जिला– पटना बिहार 800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका के तहत इस कार्यालय के पत्रांक एच0क्यु0 1874 दिनांक–1.06.2023 द्वारा पुनः कारण पृच्छा की गयी क्यों नही उक्त आपराधिक षडयंत्र, जालसाजी एवं छल के आरोप में कार्य के निबंधन को निलंबित कर उसे काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाय।

17. कारण पृच्छा का जबाव समर्पित करने के लिए पत्र प्राप्ति से 07 दिन का समय दिया गया। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–08/23 दिनांक– 09.06.2023 को कारण बताओ नोटिस का जबाव समर्पित किया गया। जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि मैं संदीप कुमार मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 पता– डी0–402 वामिका एन्क्लेव मुरलीचक मजार के नजदीक जगदेव पथ फुलवारी जिला– पटना बिहार 800014 का निदेशक हूँ एवं मेरी कंपनी के द्वारा विषयांकित कार्यों में भाग लिया गया था। यह निविदा मेरी कंपनी के द्वारा अन्य सेवा प्रदाता के सहयोग से डाला गया जिन्होंने भूल वश किसी अन्य फर्म का परफोरमेंस सर्टिफिकेट उक्त निविदा में संलग्न कर दिया गया और मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। मुझे इसके लिए खेद है और आश्वस्त करता हूँ भविष्य में इस प्रकार की गलती नही होगी। इससे स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा खंडन प्रस्तुत नही किया गया है, अपितु इसे स्वीकार किया गया है।

फर्म की ओर से यह कहना हे कि " चूंकि संबंधित मामले में आपराधिक वाद दायर किया जा चुका है, जो अभी अनुसंधानरत है, तो ऐसी स्थिति में उसी प्राथमिकी को आधार बनाकर जब तक अनुसंधान पूर्ण नहीं हो जाता है, तब तक बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के सुसंगत धाराओं के अधिन कार्रवाई किया जाना न्याय संगत नहीं होगा", सही नहीं है। किसी फर्म या व्यक्ति के द्वारा किया गया आपराधिक कृत के संबंध में आपराधिक कार्रवाई तथा जालसाजी या छलपूर्वक तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने के प्रयास के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई अलग–अलग प्रावधानों के तहत अलग–अलग कार्रवाई करने का प्रावधान है। फर्म द्वारा आपराधिक कार्य किया गया है इसीलिए बिहार निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई नहीं करने का कोई वैधानिक आधार नही बनता है।

अतः आपराधिक षड़यंत्र के तहत जाली अनुभव प्रमाण पत्र निगम को समर्पित कर छल पूर्वक निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास करने हेतु बिहार निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका 11(क) 7 के प्रावधानों के तहत मे0 सावित्री सुरेन्द्र सेक्यूरिटी प्रा0 लि0 के निबंधन सं0 प्रथम 40/2022–23 (कंपनी) बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को कालीसूची में दर्ज किया जाता है।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2202 पटना, दिनांक–21/06/2023 21/6/2023

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता (मो0), अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 एवं 02/ मुख्य लेखा

पदाधिकारी/ कार्यपालक अभियंता, मोनेटरिंग, बी0ओ0क्यू0 एवं गुण नियंत्रण/ मुख्य अभियंता के तकनीकी सचिव/ मुख्य अभियंता के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय, पटना एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पटना/राजगीर/मगध प्रमण्डल कैम्प डिहरी ओन सोन/ भागलपुर/ दरभंगा/ पूर्णियाँ/ मुजफ्फरपुर प्रमण्डल कैम्प हाजीपुर एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल/
पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2202 पटना, दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/ मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2202 पटना, दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरि, वरीय निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2202 पटना, दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– मे0 सावित्री सुरेन्द्र सिक्युरिटी प्रा0 लि0 एवं कंपनी के निदेशक श्री संदीप कुमार, पिता–स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0–एकदंगा, थाना–बेलचछी, जिला– पटना, बिहार–803213 एवं निदेशक श्रीमती रेशम सिंह, पति–संदीप कुमार, पता–डी 402, वामीका इनक्लेव, मुरलीचक, मजार के पास, जगदेव पथ, फुलवारी, पटना, बिहार–800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

21/6/2023